# वाक्य अशुद्धियाँ –

⇓

1. विराम चिह्न सम्बन्धी अशुद्धियाँ
2. संज्ञा
3. सर्वनाम
4. विशेषण
5. क्रिया
6. क्रिया-विशेषण (अव्यय)
7. लिंग
8. वचन
9. कारक चिह्न
10. पदक्रम
11. पुनरुक्ति
12. मुहावरे व लोकोक्ति से सम्बन्धी अशुद्धियाँ

# वाक्य अशुद्धि

| क्र. सं. | अशुद्धि का प्रकार | विशेष नियम | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य (व्याकरणिक रूप) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संज्ञा संबंधी | संदर्भ के अनुसार सही शब्द चुनें। अनावश्यक संज्ञा शब्द न जोड़ें। | मैं मंगलवार के दिन व्रत रखता हूँ। | मैं मंगलवार को व्रत रखता हूँ। (मंगलवार स्वयं दिन है) |

| क्र. सं. | अशुद्धि का प्रकार | विशेष नियम | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य (व्याकरणिक रूप) |
|---|---|---|---|---|
| 2 | सर्वनाम संबंधी | 'मेरे को', 'तेरे को' पूरी तरह गलत हैं। कर्ता के अनुसार 'अपना' लगाएं। | तुम तुम्हारा काम करो। / मेरे को जाना है। | तुम अपना काम करो। / मुझे जाना है। |

| क्र. सं. | अशुद्धि का प्रकार | विशेष नियम | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य (व्याकरणिक रूप) |
|---|---|---|---|---|
| 3 | विशेषण संबंधी | 'अनेक' बनाम 'अनेकों' हिंदी में 'अनेकों' कोई शब्द नहीं होता, हमेशा 'अनेक' लिखें। | श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं। | श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं। |

| क्र. सं. | अशुद्धि का प्रकार | विशेष नियम | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य (व्याकरणिक रूप) |
|---|---|---|---|---|
| 4 | क्रिया संबंधी | आदरणीय अपवाद: आदर देने के लिए भले ही व्यक्ति एकवचन हो, क्रिया हमेशा बहुवचन होगी। | गांधीजी देश के नेता था। | गांधीजी देश के नेता थे। *(आदरसूचक बहुवचन)* |

| क्र. सं. | अशुद्धि का प्रकार | विशेष नियम | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य (व्याकरणिक रूप) |
|---|---|---|---|---|
| 5 | लिंग संबंधी | पुल्लिंग अपवाद: दही, पानी, हाथी, घी, मोती, ग्रंथ हमेशा पुल्लिंग होते हैं, इन्हें स्त्रीलिंग न समझें। | दही खट्टी है। | दही खट्टा है। |

| क्र. सं. | अशुद्धि का प्रकार | विशेष नियम | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य (व्याकरणिक रूप) |
|---|---|---|---|---|
| 6 | वचन संबंधी | सदा बहुवचन नियम: प्राण, आँसू, दर्शन, हस्ताक्षर, होश के साथ हमेशा बहुवचन क्रिया आएगी। | उसका प्राण निकल गया। | उसके प्राण निकल गए। |

HINDI BY ARUN SIR

| क्र. सं. | अशुद्धि का प्रकार | विशेष नियम | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य (व्याकरणिक रूप) |
|---|---|---|---|---|
| 7 | कारक संबंधी | सजीव/निर्जीव अपवाद: कर्म कारक 'को' केवल सजीव के साथ आता है, निर्जीव के साथ नहीं। | राम ने आम को खाया। | राम ने आम खाया। *('को' हटा दिया क्योंकि आम निर्जीव है)* |

| क्र. सं. | अशुद्धि का प्रकार | विशेष नियम | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य (व्याकरणिक रूप) |
|---|---|---|---|---|
| 8 | पदक्रम संबंधी | विशेषण हमेशा उस शब्द के ठीक पहले आता है जिसकी वह विशेषता बताता है। | यहाँ शुद्ध गाय का दूध मिलता है। | यहाँ गाय का शुद्ध दूध मिलता है। *(दूध शुद्ध है, गाय नहीं)* |

| क्र. सं. | अशुद्धि का प्रकार | विशेष नियम | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य (व्याकरणिक रूप) |
|---|---|---|---|---|
| 9 | पुनरुक्ति (समानार्थी टकराव) | वाक्य में 'केवल' के साथ 'मात्र' या 'सिर्फ' का प्रयोग एक साथ कभी न करें। | मुझे केवल मात्र ₹10 चाहिए। | मुझे केवल ₹10 चाहिए। |

SelectionWay
HINDI BY ARUN SIR

| क्र. सं. | अशुद्धि का प्रकार | विशेष नियम | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य (व्याकरणिक रूप) |
|---|---|---|---|---|
| 10 | मुहावरे/लोकोक्ति संबंधी | मुहावरों के मूल शब्दों को बदला नहीं जा सकता (जैसे: अंगूठा की जगह हाथ नहीं लिख सकते)। | चोर को देखकर पुलिस के नौ दो ग्यारह 12 हो गए। | चोर को देखकर पुलिस के नौ दो ग्यारह हो गए। |

SelectionWay
HINDI BY ARUN SIR

| क्र. सं. | अशुद्धि का प्रकार | विशेष नियम | अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य (व्याकरणिक रूप) |
|---|---|---|---|---|
| 11 | विराम-चिह्न संबंधी अशुद्धियाँ | जब वाक्यों में अल्पविराम (,), पूर्ण विराम (।) या प्रश्नवाचक चिह्न (?) का गलत जगह प्रयोग या अनुपयोग किया जाता है। | तुम कहाँ जा रहे हो। | तुम कहाँ जा रहे हो? |

# संज्ञा संबंधी अशुद्धि

HINDI BY ARUN SIR

Q1. 'नगर की सारी जनसंख्या भूखी है।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) नगर की सारी जनता भूखी है।

(b) नगर के सब जनसंख्या भूखे हैं।

(c) नगर की संपूर्ण जनसंख्या भूखी है।

(d) नगर की सब जनता भूखी है।

Q2. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए:

(a) हमारे देश में गुलामी की दासता थी।

(b) हमारे देश में गुलामी थी।

(c) हमारे देश में परतंत्रता की दासता थी।

(d) हमारे देश में गुलामी की परतंत्रता थी।

Q3. 'कृषि हमारी उन्नति का मध्यम है।' वाक्य में किस शब्द के कारण अशुद्धि है?

(a) कृषि

(b) उन्नति

(c) मध्यम

(d) है

Q4. 'आकाश में तारों का समूह चमक रहा है।' के स्थान पर कौन-सा शुद्ध रूप होगा?

(a) आकाश में तारों का मंडल चमक रहा है।

(b) आकाश में तारों का गुच्छा चमक रहा है।

(c) आकाश में तारों की फौज चमक रही है।

(d) आकाश में तारागण चमक रहे हैं।

HINDI BY ARUN SIR

Q5. 'दंगे में रावण जैसी दुष्टता देखकर लोग कांप गए।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) दंगे में रावण जैसी दानवता देखकर लोग कांप गए।

(b) दंगे में रावण जैसा व्यवहार देखकर लोग कांप गए।

(c) दंगे में रावण जैसी क्रूरता देखकर लोग कांप गए।

(d) दंगे में रावण जैसा रावणत्व देखकर लोग कांप गए।

Q6. 'वह बहुत बड़ा विद्वान है।' इस वाक्य का शुद्ध रूप क्या है?

(a) वह बहुत महान विद्वान है।

(b) वह प्रकांड विद्वान है।

(c) वह भारी विद्वान है।

(d) वह बहुत श्रेष्ठ विद्वान है।

Q7. 'साहित्य और जीवन का घोर संबंध है।' वाक्य में रेखांकित शब्द 'घोर' के स्थान पर क्या आएगा?

(a) घनिष्ठ

(b) बहुत

(c) तीव्र

(d) प्रगाढ़

HINDI BY ARUN SIR

Q8. 'रेडियो की उत्पत्ति किसने की?' वाक्य का शुद्ध रूप क्या है?

(a) रेडियो की खोज किसने की?

(b) रेडियो का आविष्कार किसने किया?

(c) रेडियो का निर्माण किसने किया?

(d) रेडियो को किसने बनाया?

Q9. 'यह एक गंभीर समस्या है।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) यह एक भारी समस्या है।

(b) यह एक बड़ी समस्या है।

(c) यह वाक्य पहले से ही शुद्ध है।

(d) यह एक विकट समस्या है।

HINDI BY ARUN SIR

Q10. 'आज बजट के ऊपर बहस होगी।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) आज बजट में बहस होगी।

(b) आज बजट पर बहस होगी।

(c) आज बजट के लिए बहस होगी।

(d) आज बजट के अंतर्गत बहस होगी।

HINDI BY ARUN SIR

# सर्वनाम संबंधी अशुद्धि

HINDI BY ARUN SIR

Q11. 'तुम तुम्हारा काम करो।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) तुम अपनी काम करो।

(b) तुम आपका काम करो।

(c) तुम अपना काम करो।

(d) तुम तुम्हारे काम करो।

Q12. 'मेरे को आज दिल्ली जाना है।' वाक्य का शुद्ध रूप चुनिए:

(a) मुझे आज दिल्ली जाना है।

(b) मुझको आज दिल्ली जाना है।

(c) मैं आज दिल्ली जाना हूँ।

(d) मेरे को आज दिल्ली जाना ही है।

Q13. 'मैंने आज अपनी पुस्तक नहीं पढ़ी।' वाक्य में अशुद्धि का प्रकार है:

(a) संज्ञा संबंधी

(b) सर्वनाम संबंधी

(c) वाक्य पूर्णतः शुद्ध है

(d) विशेषण संबंधी

**Q14. 'वह उनके घर गया।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?**

(a) वह उसके घर गया।

(b) वह अपने घर गया।

(c) वह उनके अपने घर गया।

(d) यह वाक्य शुद्ध है।

HINDI BY ARUN SIR

Q15. 'ये सब लोग कहाँ जा रहे हैं?' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) यह सब लोग कहाँ जा रहे हैं?

(b) वे सब लोग कहाँ जा रहे हैं?

(c) यह वाक्य शुद्ध है।

(d) इन सब लोग कहाँ जा रहे हैं?

**Q16. 'तेरे को क्या चाहिए?' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?**

SelectionWay

(a) तुझे क्या चाहिए?

(b) तुमको क्या चाहिए?

(c) आपको क्या चाहिए?

(d) (a) और (b) दोनों शुद्ध हैं।

Q17. 'आप यहाँ बैठो।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या है?

(a) आप यहाँ बैठिए।

(b) तुम यहाँ बैठो।

(c) आप यहाँ बैठ जा।

(d) आप यहाँ बैठना।

Q18. 'जो लोग बाहर खड़े हैं, वे अंदर आ जाएँ।' वाक्य में सर्वनाम की क्या स्थिति है?

(a) वाक्य अशुद्ध है, 'वे' की जगह 'वह' होगा।

(b) वाक्य पूर्णतः शुद्ध है।

(c) वाक्य में 'जो' शब्द अनावश्यक है।

(d) वाक्य में 'लोग' शब्द अनावश्यक है।

Q19. 'वह लड़का बहुत चालाक है।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) उस लड़का बहुत चालाक है।

(b) वह लड़का चालाक बहुत है।

(c) यह वाक्य शुद्ध है।

(d) वे लड़का बहुत चालाक है।

Q20. 'हम हमारे देश से प्यार करते हैं।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) हम अपने देश से प्यार करते हैं।

(b) हम हमको देश से प्यार करते हैं।

(c) हम हमारे अपने देश से प्यार करते हैं।

(d) हम लोग हमारे देश से प्यार करते हैं।

HINDI BY ARUN SIR

# लिंग संबंधी अशुद्धि

**Q41. 'आत्मा कभी नहीं मरता।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?**

(a) आत्मा कभी नहीं मरती।

(b) आत्मा कभी नहीं मरते।

(c) आत्म कभी नहीं मरता।

(d) आत्मा कभी नहीं नष्ट होता।

आत्मा - स्त्रीलिंग, एकवचन

परमात्मा - पुल्लिंग

HINDI BY ARUN SIR

Q42. 'आज की दही बहुत खट्टी है।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) आज का दही बहुत खट्टा है।

(b) आज की दही बहुत खट्टा है।

(c) आज का दही बहुत खट्टी है।

(d) आज की दही खट्टी है।

**Q43. 'यह कामायनी ग्रंथ बहुत बड़ी है।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?**

(a) यह कामायनी ग्रंथ बहुत बड़ा है।

(b) यह कामायनी ग्रंथ बड़ी है।

(c) यह कामायनी पुस्तक बहुत बड़ा है।

(d) यह कामायनी महाकाव्य बहुत बड़ी है।

ग्रन्थ, काव्य, खण्डकाव्य,

महाकाव्य = पुल्लिंग

किताब, पुस्तक, कविता = स्त्रीलिंग

⇒ (i) 8:30 To 9:30 - SSC-GD.

⇒ (ii) 9:30 To 10:30 - U.P PET

HINDI BY ARUN SIR

Q44. 'मीराबाई एक प्रसिद्ध कवि थीं।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) मीराबाई एक प्रसिद्ध कवयित्री थीं।

(b) मीराबाई एक प्रसिद्ध कवित्री थीं।

(c) मीराबाई एक प्रसिद्ध लेखक थीं।

(d) मीराबाई एक प्रसिद्ध विदुषी थीं।

कवयित्री, रचयिता

कवि रचित

विद्वान - पुल्लिंग

विदुषी - स्त्रीलिंग

SelectionWay
HINDI BY ARUN SIR

**Q45. 'उसकी बुद्धिमान बेटी परीक्षा में प्रथम आई।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?**

(a) उसकी बुद्धिमती बेटी परीक्षा में प्रथम आई।

(b) उसकी बुद्धिवान बेटी परीक्षा में प्रथम आई।

(c) उसकी बुद्धिमान पुत्री परीक्षा में प्रथम आई।

(d) उसकी ज्ञानवान बेटी परीक्षा में प्रथम आई।

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग | नपुंसकलिंग |
|---|---|---|
| मान | मती | मत |
| श्रीमान | श्रीमती | श्रीमत |
| बुद्धिमान | बुद्धिमती | बुद्धिमत |
| वान | वती | वत |
| ज्ञानवान | ज्ञानवती | ज्ञानवत |

Q46. 'गंगा का पानी पवित्र होती है' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) गंगा का पानी पवित्र होता है।

(b) गंगा की पानी पवित्र होती है।

(c) गंगा का जल पवित्र होती है।

(d) गंगा की जल पवित्र होता है।

गंगाजल = गंगा का जल/पानी

HINDI BY ARUN SIR

Q47. 'नेहरू जी की सभा में भारी भीड़ एकत्र थी।' वाक्य में 'सभा' शब्द के अनुसार शुद्ध रूप क्या होगा?

स्त्रीलिंग

(a) नेहरू जी की सभा बड़ा था।

(b) नेहरू जी की सभा बड़ी थी।

(c) नेहरू जी की सभा में भारी लोग थे।

(d) यह वाक्य पहले से ही शुद्ध है।

Q48. 'आपका भवदीय।' पत्र के अंत में लिखे इस वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) आपका या भवदीय (कोई एक)।

(b) आपका भवदीय जी।

(c) भवदीय आपका।

(d) यह रूप शुद्ध है।

Q49. 'उसकी आँख से आँसू बह रहा था।' वाक्य का शुद्ध रूप लिंग/वचन के अनुसार क्या होगा?

(a) उसकी आँखों से आँसू बह रहे थे।

(b) उसके आँख से आँसू बह रहा था।

(c) उसके आँसू बह रहे थे।

(d) उसकी आँख से आँसू बह रही थी।

नित्य/हमेशा/सदैव/सदा बहुवचन में

आँसू, होश, प्राण, रोम, बाल, दाम, समाचार, दर्शन, हस्ताक्षर।

नित्य/हमेशा/सदैव/सदा एकवचन में

जनता, वर्षा, पानी, आकाश...

SelectionWay

**Q50. 'यह एकांकी बहुत अच्छी है।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?**

(a) यह एकांकी बहुत अच्छा है।

(b) यह एकांकी अच्छी है।

(c) यह नाटक बहुत अच्छी है।

(d) यह कहानी बहुत अच्छा है।

हिन्दी की विधा/शैली – स्त्रीलिंग

कहानी, कथा, कविता, एकांकी, जीवनी, आत्मकथा, डायरी

पुल्लिंग ⇒ नाटक, उपन्यास, निबन्ध, यात्रावृत्त, संस्मरण

# वचन संबंधी अशुद्धि

Q51. 'उसका प्राण निकल गया।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) उसके प्राण निकल गए।

(b) उसका प्राण निकल गए।

(c) उसके प्राण निकल गया।

(d) उनके प्राण निकल गया।

HINDI BY ARUN SIR

Q52. 'मैंने गुरुजी का दर्शन किया।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) मैंने गुरुजी के दर्शन किए।

(b) मैंने गुरुजी का दर्शन किए।

(c) मैंने गुरुजी के दर्शन किया।

(d) मुझे गुरुजी का दर्शन हुआ।

Q53. 'बाज़ार में सब दुकानें बंद थीं।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) बाज़ार की सभी दुकानें बंद थीं।

(b) बाज़ार में सब दुकान बंद थीं।

(c) बाज़ार की सब दुकान बंद था।

(d) बाज़ार में सभी दुकानें बंद था।

HINDI BY ARUN SIR

Q54. 'पेड़ पर अनेकों चिड़ियाँ बैठी थीं।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) पेड़ पर अनेक चिड़ियाँ बैठी थीं।

(b) पेड़ पर अनेकों चिड़िया बैठी थी।

(c) पेड़ पर अनेक चिड़िया बैठी थीं।

(d) पेड़ पर अनेकों चिड़ियाँ बैठी था।

**Q55. 'दंगे में सैकड़ों घर जल गए।' वाक्य की शुद्धता बताइए:**

(a) वाक्य अशुद्ध है, 'सैकड़ो' होगा।

(b) वाक्य पूर्णतः शुद्ध है।

(c) वाक्य अशुद्ध है, 'घरें' होगा।

(d) वाक्य अशुद्ध है, 'जल गया' होगा।

पशुओं, हजारों, दोनों, सैकड़ों

Q56. 'प्रत्येक छात्रों को पुस्तक दे दो।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?

(a) प्रत्येक छात्र को पुस्तक दे दो।

(b) सब छात्रों को पुस्तक दे दो।

(c) हर एक छात्रों को पुस्तक दे दो।

(d) (a) और (b) दोनों शुद्ध हैं।

HINDI BY ARUN SIR

Q57. 'उसके पास केवल दो जोड़ी कपड़े हैं।' वाक्य की शुद्धता बताइए:

(a) वाक्य अशुद्ध है, 'कपड़ा है' होगा।

(b) वाक्य पूर्णतः शुद्ध है।

(c) वाक्य अशुद्ध है, 'कपड़ो हैं' होगा।

(d) वाक्य अशुद्ध है, 'दो जोड़ों' होगा।

**Q58. 'हिमालय पर अनेक ऋषि रहते हैं।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?**

(a) हिमालय पर अनेकों ऋषि रहते हैं।

(b) हिमालय पर अनेक ऋषियों रहते हैं।

(c) यह वाक्य पूर्णतः शुद्ध है।

(d) हिमालय पर अनेक ऋषि रहता है।

SelectionWay
HINDI BY ARUN SIR

Q59. 'आजकल युवाओं के होश उड़ जाते हैं।' वाक्य की शुद्धता बताइए:

(a) वाक्य अशुद्ध है, 'होश उड़ जाता है' होगा।

(b) वाक्य पूर्णतः शुद्ध है।

(c) वाक्य अशुद्ध है, 'होशें उड़ जाती हैं' होगा।

(d) वाक्य अशुद्ध है, 'युवा का होश' होगा।

HINDI BY ARUN SIR

**Q60. 'मैंने तीन कापियाँ खरीदीं।' वाक्य का शुद्ध रूप क्या होगा?**

(a) मैंने तीन कापी खरीदी।

(b) मैंने तीन कापियाँ खरीदा।

(c) यह वाक्य पूर्णतः शुद्ध है।

(d) मैंने तीन कॉपियाँ खरीदी।